...शायद साइकिल सवारों को नहीं बनीं भारत में सड़कें

विदेशियों को भाया बदायूं, शहर में साइकिल पर घूमे एलड्रिक-सोनिया

बदायूं : लगता है कि विदेशियों को अपना बदायूं खूब लुभा रहा है। तभी साइकिल सवार विदेशी जोड़े अपनी भ्रमण यात्रा में इस स्थान को महत्व दे रहे हैं। इसी क्रम में आज फिर शहर में घूमकर लोगों से मुलाकात की। 'जागरण' को उन्होंने अपना दर्द बताया कि भारत की सड़कें कम से कम साइकिल सवारों के लिए नहीं हैं।

हालैंड के एलड्रिक और आस्ट्रेलिया की मूल निवासी सोनिया सप्रे हसबैंड-वाइफ हैं। दोनों ही बेव डिजाइनर हैं। इसी पेश की वजह से दोनों की मुलाकात और फिर 23 दिसंबर 1995 को शादी हुई। अब दोनों हालैंड की एक ही कंपनी में काम कर रहे हैं। पिछली साल अगस्त में साइकिल से वर्ल्ड टूर का प्रोग्राम बनाया और घर से निकल पड़े। तब से अब तक वह यूरोप, तुर्की, ईरान, उजबेकिस्तान और चीन घूम चुके हैं। इस दौरान कई बार उनकी साइकिलें पानी वाले जहाज में रखी गईं तो कई बार हवाई जहाज में। 13 सितंबर को पाकिस्तान से बाघा बॉर्डर क्रास कर उन्होंने भारत में प्रवेश किया। भारत में अमृतसर धर्मशाला, चंडीगढ़, नई दिल्ली और



जयपुर की सैर वह कर चुके हैं। आज जब शहर में उनकी साइकिलें घूमीं तो जगह-जगह अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई। उन्होंने भी अंग्रेजी बोलने-समझने वालों से घुल-मिलकर बातें की। बाद में रीजेंसी होटल में स्टे के दौरान उन्होंने 'जागरण' से मुलाकात की।

उन्होंने भारत को अच्छा देश और भारतवासियों को काफी फ्रैंकली करार दिया। लेकिन भारतीय सड़कों और भारी वाहन वालों की बुराई करने से भी नहीं चूके। एलड्रिक ने साफ कहा कि भारतीय सड़कों पर ट्रक-बस जैसे भारी वाहनों का एकछत्र राज्य है। इन वाहनों के ड्राइवर हम जैसे साइकिल सवारों को शायद कीड़ा-मकोड़ा समझते हैं। बोले- साइकिल सवार अगर सावधानी न बरते, तो न जाने क्या हो? किसी भारतीय नेता के बारे में पूछने पर एलड्रिक ने कहा कि वह भारत में कांग्रेस पार्टी और उसकी प्रेसीडेंट सोनिया गांधी के बारे में जानकारी रखते हैं। एलड्रिक ने चुटकी ली कि चूंकि उसकी पत्नी का नाम भी सोनिया है, इसलिए श्रीमती गांधी के बारे में उन लोगों ने विशेष रुचि लेकर जानकारियां जुटाई हैं। उन्होंने श्रीमती गांधी को एक स्ट्रांग बिल पावर वाली महिला नेत्री बताया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि तीन दिन बाद वह नेपाल कूच कर जाएंगे।